कोटद्वार, बुधवार
8 मई 2024
वर्षः 46
अंकः 18 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### रांची में दूसरे दिन ईडी की सात नए ठिकानों पर छापेमारी, फिर भारी मात्रा में कैश बरामद

रांची , ईडी ने रांची में मंगलवार को सात ठिकानों पर छापेमारी की है। इस दौरान डोरंडा इलाके में रहने वाले राजू सिंह नामक कांट्रैक्टर के आवास से भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है।

ईडी ने कैश की गिनती के लिए बैंक अधिकारियों को मशीन के साथ बुलाया है। सूचना के मुताबिक सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान मिले लीड के आधार पर मंगलवार को श्यामली गली डोरंडा, सिंहमोड़, आईटीआई बस स्टैंड और रातू में नए ठिकानों पर रेड डाली जा रही है।सोमवार की छापेमारी में मंत्री के पीएस संजीव कुमार लाल, उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकानों से कुल 35 करोड़ 23 लाख रुपए की राशि बरामद की गई थी। संजीव कुमार लाल और जहांगीर आलम को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी उन्हें आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की दरख्वास्त करेगी।

### दिल्ली में पांच करोड़ से ज्यादा की हेरोइन जब्त, 5 गिरफ्तार

नई दिल्ली ,दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करोड़ों की कीमत की हेरोइन जब्त की है। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त हेरोइन की कीमत पांच करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने महीनों तक चले ऑपरेशन के बाद आरोपियों को उत्तर प्रदेश के बरेली और झारखंड के हजारीबाग से गिरफ्तार किया। उनके पास से कुल 2.269 किलोग्राम हेरोइन और 1.053 किलोग्राम क्रूड (हेरोइन) बरामद की गई। आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, अली उर्फ रुखसार उर्फ राजू और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि हाल ही में विशेष जानकारी मिली थी कि एक ड्रग तस्कर आतिफ अपने एक रिसीवर को भारी मात्रा में ड्रग देने के लिए छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर इलाके के पास आएगा। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा, जाल बिछाया गया और आतिफ को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान एक बैग के अंदर से एक किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि बरामद हेरोइन उसे बरेली के अशरफ ने दी थी। इसे अनाज मंडी (नरेला) में उसके रिसीवर तक पहुंचाना था। डीसीपी ने कहा, बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन वह वहां से फरार मिला। बाद में उसे 5 फरवरी को बरेली के ध्रुव अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया गया। अशरफ की निशानदेही पर उसके बरेली स्थित घर के लॉकर के अंदर से 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ करने पर अशरफ ने खुलासा किया कि तस्करी का सामान बरेली के राजू और आरिफ से लिया गया था। उसे जहांगीरपुरी के इस्लाम और बवाना स्थित जेजे कॉलोनी निवासी अरमान को सौंपना था।

### पतंजलि केस में सुप्रीम कोर्ट सख्त, ऑनलाइन विज्ञापन हटाने के दिए आदेश, बिक्री पर लगाई रोक

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद की ओर से अपनी दवाओं को लेकर जारी भ्रामक विज्ञापनों के मामले की सुनवाई करते हुए यह अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यदि किसी उत्पाद को लेकर किए गए दावे गलत पाए जाते हैं तो उनका प्रचार करने वाली सिलेब्रिटीज और सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर्स भी जिम्मेदार हैं।

पतंजलि आयुर्वेद के मामले की सुनवाई करते हुए बेंच ने आईएमए की भी खिंचाई की। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि पतंजलि के जिन उत्पादों के संबंध में लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है, वे बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं रहने चाहिए। अगर लाइसेंस निलंबित है, तो उत्पाद नहीं बेचा जाना चाहिए, हमें नोटिस देना होगा।

अदालत ने कहा कि विज्ञापनों को प्रसारित करने से पहले चैनलों को भी एक सेल्फ डिक्लेरेशन फॉर्म भरना चाहिए। इसमें यह घोषणा करनी चाहिए कि हम सभी नियमों का पालन करते हैं। मंगलवार को जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानुल्लाह की बेंच ने गाइडलाइंस फॉर प्रिवेंशन ऑफ मिसलीडिंग ऐड का जिक्र किया।

### कुलगाम में सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में लश्कर के टॉप कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

श्रीनगर ,। जम्मू–कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार तड़के मुठभेड़ शुरू हो गई। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने लश्कर–ए–तैयबा का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार समेत तीन आतंकवादियों को मार गिराया है।

मारे गए आतंकियों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। आतंकियों के शव बरामद कर उनकी पहचान की जाएगी। सुबह ही खबर आई थी कि लश्कर कमांडर बासित अहमद डार में कुलगाम की इस मुठभेड में घिर गया है।

पुलिस ने बताया कि कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्हें ठिकाने से बाहर निकालने के लिए एक अभियान शुरू किया गया। इस दौरान जब आतंकियों ने खुद को सुरक्षाबलों से घिरा देखा तो उन पर फायरिंग शुरू कर दी।

कुलगाम में मुठभेड़ पुंछ आतंकी हमले के बाद हुई है, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था और चार अन्य घायल हो गए थे। कुलगाम में मुठभेड़ ऐसे समय हुई है जब राजनीतिक दल अनंतनाग–राजौरी निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं। कुलगाम इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है।

### बंगाल में भिड़े बीजेपी प्रत्याशी व टीएमसी समर्थक, बिहार में पीठासीन अधिकारी सहित दो लोगों की मौत

सुपौल , लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के दौरान वोटिंग जारी है। इस दौरान बंगाल में जंगीपुर के एक मतदान केंद्र पर टीएमसी बूथ अध्यक्ष की बीजेपी उम्मीदवार धनंजय घोष से झड़प हो गई। वहीं, बिहार के सुपौल में मतदान ड्यूटी पर तैनात पीठासीन अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि निर्मली विधानसभा के सरायरंजन के मतदान केंद्र संख्या 163 पर मतदान शुरू होने के बाद पीठासीन अधिकारी शैलेंद्र कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई।उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पीआरएलएन हाई स्कूल (रतनपुर) में बतौर शिक्षक पदस्थापित थे। सुपौल डीएम के निर्देश पर शैलेंद्र कुमार के स्थान पर दूसरे पीठासीन अधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।वहीं, अररिया के पलासी प्रखंड के उत्क्रमित म. वि. पेचैली बूथ पर मंगलवार को मौके पर तैनात होमगार्ड जवान महेंद्र साह की मौत होने की सूचना है। माना जा रहा है कि उन्हें हार्ट अटैक आया था।

# अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं, कोर्ट ने शराब घोटाले में 20 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली । दिल्ली की अदालत ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है। केजरीवाल को उनकी हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो–कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। सीबीआई और ईडी के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि 20 मई तक बढ़ा दी। अदालत ने सह–अभियुक्त चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 20 मई तक बढ़ा दी। ट्रायल कोर्ट ने यह फैसला ऐसे वक्त में दिया है जब सुप्रीम कोर्ट शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के संबंध में अपना आदेश जारी करने वाला है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं।

शीर्ष अदालत ने मुख्यमंत्री की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि न्यायालय यह नहीं चाहता कि वह अंतरिम जमानत मिलने पर सरकारी कामकाज करें। यदि आप सरकारी कामकाज करते हैं तो यह हितों का टकराव होगा। हम ऐसा नहीं चाहते हैं। इस पर सिंघवी ने अदालत को भरोसा दिया कि यदि केजरीवाल को मामले में अंतरिम जमानत मिल जाती है तो वह कथित शराब घोटाले से जुड़ी कोई फाइल नहीं देखेंगे। वहीं ईडी ने अपनी दलील में कहा कि कोर्ट नेताओं के लिए अलग श्रेणी नहीं बना सकती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से दलीलें रखी। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त में सांसदों से जुड़े करीब 5,000 मामले लंबित हैं। क्या उन सभी को जमानत पर छोड़ दिया जाएगा? क्या एक किसान का महत्व किसी नेता से कम है? किसान के लिए तो फसलों की कटाई और बुवाई का मौसम है? केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया। यदि वह जांच में सहयोग करते तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता।

## कांग्रेस पर जमकर बरसे पीएम मोदी, कहा देश के लिए इनके इरादे खतरनाक

नई दिल्ली ,मध्य प्रदेश के खरगोन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी के चुनावी स्टंट और फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी वाले बयान पर भी जवाब दिया।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक पूर्व सीएम ने कहा हमारी सेना आतंकी हमले करती है, क्या देश का नागरिक ऐसी बात सुन सकता है। कांग्रेस के एक और साथी दल के नेता भारत को धमकी देते हैं और कहते हैं पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हुई है। उन्होंने कहा कि आखिर क्यों पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत और हमारी सेना से इतनी नफरत। पीएम मोदी ने आगे कहा, कांग्रेस के इरादे कितने भयानक हैं, उसकी साजिशें कितनी खतरनाक है, ये समझने के लिए आपको उन लोगों की बातें सुननी होगी, जो 20–25 साल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता रहे हैं और ये लोग अब धमाधम कांग्रेस छोड़ रहे हैं।

### महिला पहलवानों के यौन शोषण का मामला, बृजभूषण पर चार्ज फ्रेम का बढ़ा इंतजार, कोर्ट में सुनवाई टली

नई दिल्ली । छह महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे बृजभूषण शरण सिंह पर चार्ज फ्रेम करने के लिए इंतजार करना होगा। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर अपना आदेश फिलहाल टाल दिया है। अदालत इस मामले में अब 10 मई को सुनवाई करेगा। उम्मीद है कि इस दिन अदालत बृजभूषण के खिलाफ चार्ज फ्रेम किए जाने को लेकर अपना अहम आदेश सुना सकती है। इससे पहले एडिशन चीफ मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने अपना आदेस सुनाने के लिए 7 अप्रैल, 2024 की तारीख मुकर्रर की थी। इससे पहले अदालत ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया था। दरअसल बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया था कि 7 सितंबर, 2022 को वो दिल्ली में नहीं थे और इस दिन वो सर्बिया में थे।

# बाबा केदार की पंचमुखी डोली विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से पहुंची फाटा

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली मंगलवार देर शाम फाटा पहुंची। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने डोली का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। जगह-जगह भक्तों द्वारा बम बम भोले के जयकारों के साथ डोली का भव्य स्वागत किया जा रहा है। बुधवार को डोली रात्रि विश्राम के लिए गौरीकुंड पहुंचेगी।

भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली मंलवार को प्रातः 8.45 बजे श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से प्रवास हेतु दूसरे पड़ाव फाटा के लिए रवाना हुई। उल्लेखनीय है कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार 10 मई को खुल रहे है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने जानकारी दी कि भगवान केदारनाथ की चलविग्रह उत्सव पंचमुखी मूर्ति की देवडोली को श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के स्वयं सेवक एवं हक-हकूकधारी पांवों में बिना कुछ पहने पैदल चलकर शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से श्री केदारनाथ धाम तक पहुंचाते है। मंगलवार को गुप्तकाशी से प्रस्थान होते समय जगह-जगह श्रद्दालुजन तथा स्कूली बच्चे बाबा केदार का जय घोष कर पुष्प वर्षा कर रहे थे। सैकड़ों देश-विदेश के श्रद्धालुजन भी डोली यात्रा के साथ केदारनाथ जा रहे है। डोली प्रस्थान के समय बीकेटीसी सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, केदारनाथ धाम के पुजारी शिवशंकर लिंग, कार्याधिकारी आरसी तिवारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, डोली प्रभारी प्रदीप सेमवाल, प्रबंधक भगवती सेमवाल, कुलदीप धर्म्वाण, संजय कुकरेती आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# नियुक्ति का रास्ता साफ

उत्तराखंड के प्राइमरी विद्यालयों में जल्द ही शिक्षकों की कमी को सरकार पूरा करने जा रही है। एक बड़े फैसले के दौरान सरकार ने प्राइमरी शिक्षा में बीएड की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। सरकार का यह फैसला उन लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगा जो बीएड उपाधि के अभाव में शिक्षक बनने से छूट रहे थे। हालांकि न्यूनतम योग्यता के तहत प्राइमरी शिक्षा में 2 वर्ष के दो वर्षीय डीएलएड डिग्री को मंजूरी प्रदान की गई है। सरकार के इस फैसले से लगभग 3600 प्राथमिक शिक्षकों (पहली से पांचवीं कक्षा तक) की भर्ती का रास्ता भी साफ हो गया है। एक लंबे समय से प्राइमरी शिक्षा में भर्ती की प्रक्रिया की प्रतीक्षा की जा रही थी और सरकार के इस अहम फैसले के बाद शिक्षकों की नियुक्ति का रास्ता भी साफ हो जाएगा। सरकार ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के उसे फैसले के बाद लिया है जिसमें अदालत ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के वर्ष 2018 में जारी उस अधिसूचना को निरस्त कर दिया था जिसमें प्राथमिक शिक्षकों के लिये बीएड डिग्री की अनिवार्यता लागू की गई थी। उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय के अनुपालन में राज्य कैबिनेट द्वारा हाल ही में राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 2012 में संशोधन को अपनी स्वीकृति प्रदान की थी, जिसके क्रम में शासन ने उत्तराखंड राजकीय प्रारम्भिक शिक्षा (अध्यापक) (संशोधन) सेवा नियमावली, 2024 को जारी कर दी है। प्राथमिक शिक्षकों की नई नियमावली लागू होने से सूबे की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ करने में मदद मिलेगी। जहां एक तरफ राज्य सरकार ने शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए यह अहम फैसला लिया है वहीं प्राइमरी शिक्षा की गुणवत्ता की सुधार की दिशा में भी सरकार को व्यापक प्रयास करने चाहिए। यह चिंता का विषय है कि आज भी उत्तराखंड में प्राइमरी शिक्षा की स्थिति कोई बहुत अच्छी नहीं है, विद्यालयों में खासतौर से शहरी क्षेत्र में छात्रों की संख्या अच्छी नहीं है, जबकि पहाड़ों में भी कई विद्यालय छात्रों की कमी के कारण बंद होने की कगार पर है। जहां एक तरफ शिक्षकों की भर्ती की जा रही है तो वहीं प्राइमरी शिक्षा में छात्रों की संख्या बढ़ाना भी सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती है।

# जल–संकट : जीवन एवं कृषि खतरे में

**आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव–जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल–संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।**

— ललित गर्ग

मानवीय गतिविधियों और क्रिया–कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन। जो मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव–जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल–संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं, जिसके 42 जलाशय वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था, क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था, एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है।



लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ऐसे में किसी आसन्न संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण के प्रयास घरों से लेकर तमाम कृषि पद्धतियों और औद्योगिक कार्यों तक में तेज करने की जरूरत है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल–संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल–संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गांव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये।

उचित रख–रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीणोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं।

# कर–सुधार से जीएसटी दो लाख करोड़ पार

अनिल शर्मा

यह सुखद ही है कि देश कर संग्रहण सिस्टम में सुधार की दिशा में सार्थक पहल से एक कदम आगे बढ़ा है। देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है। कर विशेषज्ञ इसे टैक्स सिस्टम में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है। भारत के अड़ोस–पड़ोस के कई देशों की अर्थव्यवस्था नियोजन के अभाव, भ्रष्टाचार तथा लोकलुभावन नीतियों के व्यय बोझ से चरमरा गई। इसलिये आर्थिक अनुशासन और वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने का प्रयास बेहद जरूरी हो जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 फीसदी का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 फीसदी बढ़ा है। निश्चय ही चालू वित्त वर्ष के पहले ही महीने यानी अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं। यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 फीसदी अधिक है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल–पुथल के बीच रूस–यूक्रेन युद्ध तथा गजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है। उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है। वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है। इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा।

निश्चित रूप से आने वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि किन–किन महीनों में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये का आकंड़ा पार करता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी में इस बार 27.8 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ संगृहीत राशि 94,153 करोड़ रुपये रही।दूसरी ओर राज्य जीएसटी संग्रह में आशातीत 25.9 फीसदी की वृद्धि हुई। इस तरह राज्यों की जीएसटी संग्रह राशि 95,138 करोड़ हो गई। यानी राजस्व प्राप्ति की राह में राज्यों की भागीदारी में भी सुधार देखा गया है। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर, लक्षद्वीप और अंडमान निकोबार, सिक्किम, मेघालय नगालैंड को छोड़कर सभी राज्यों में इस साल के पहले महीने जीएसटी राजस्व में वृद्धि हुई है। आर्थिक विशेषज्ञ जीएसटी वृद्धि के मूल में उपभोक्ता उत्पादों की ज्यादा खपत का योगदान बता रहे हैं। गर्मी बढ़ने की चिंता में उपभोक्ता बड़े पैमाने पर एसी व फ्रिज आदि खरीदते हैं। बच्चों के शैक्षिक सत्र समापन के चलते बच्चों की छुट्टियों में पर्यटन बढ़ने को भी एक वजह माना जा रहा है। निस्संदेह, लंबी यात्राओं के चलते आर्थिक गतिविधियों में तेजी आती है।

# रीति–रिवाजों की अनदेखी से उपजी फिक्र

अशोक कुमार

देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका अभिप्राय यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर–तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर–वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी–दर–पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते।निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने–गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है। नई पीढ़ी की कामकाजी महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अपनी शर्तों पर विवाह की परंपराओं को निभाने की बात करती हैं। जिसके चलते विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है। जिसमें कई कर्मकांडों पर नये सिरे से विचार–विमर्श की जरूरत बतायी जाती रही है। मसलन कुछ कथित प्रगतिशील लोग कन्यादान व सिंदूर लगाने की अनिवार्यता को लेकर किंतु–परंतु करते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें न्यायालय की चिंताओं पर चिंतन तो करना ही चाहिए। यह सवाल रूढ़िवादिता का नहीं है। बल्कि दुनिया के तमाम धर्मों में सदियों से चली आ रही वैवाहिक परंपराओं का आदर के साथ अनुपालन किया जाता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित रीति–रिवाजों का सम्मान करने जैसा ही होता है। जो नया जीवन शुरू करने वाले वर–वधू को एक आशीष जैसा ही होता है।

## सियासी खुदकुशी होगी

आरक्षण एक बार फिर चुनाव मैदान में है। अंतर केवल इतना है कि अबकी इसे लालू प्रसाद ने नहीं, कांग्रेस ने लाया है। इसके नेता राहुल गांधी अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को आरक्षण मिटाने वाला गैंग कह रहे हैं।इससे भाजपा आत्मरक्षात्मक मुद्रा में आ गई है। उसे 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में मिली चोट ताजा हो गई है। तब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने चुनाव–बीच आरक्षण की समीक्षा की बात कर चौंका दिया था। यद्यपि संविधान में इसका जिक्र है कि 15 साल बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और उस आधार पर हटाया भी जा सकता है, लेकिन संसद सर्वसम्मत से इसे आगे बढ़ाती रही है। यह मान लिया गया है कि भारतीय समाज इस उन्नत दशा में नहीं पहुंचा है कि आरक्षण की समीक्षा की जाए। इसे ध्यान में रखकर ही भागवत के बयान पर सफाई दी गई और दिलाई भी गई। पर राजद नेता लालू प्रसाद ने बड़ी कुशलता से मतदाताओं का रुख बदल दिया था।भाजपा बिहार में कमांडर होते–होते रह गई थी। इस बार भी कांग्रेस के प्रचार से ऐसे परिणाम के आसार नजर आ रहे हैं। जब 2024 के चुनाव में, नरेन्द्र मोदी की भाजपा ने ह्यअबकी बार 400 पारह्न का नारा दिया तो विपक्ष ने, इतनी सीटों को संविधान बदलने, लोकतंत्र नष्ट करने के उसकी ह्यहवसह्न से जोड़ दिया।इसमें भाजपा के कुछेक अदूरदर्शी नेताओं के बयान–भाषणों ने भी कांग्रेस का साथ दिया। आरक्षण पर आरएसएस का शुरू से ही एक रिजर्वेशन रहा है।

# राघव लॉरेंस का फैंस को खास तोहफा, बेंज और हंटर के बाद फिल्म अधिगरम में धमाल मचाएंगे अभिनेता

साउथ सिनेमा के फेमस एक्टर राघव लॉरेंस ने दर्शकों को कई हिट फिल्में दी हैं। अब अभिनेता अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। हाल ही में, राघव लॉरेंस ने दो परियोजनाओं की घोषणा की है, जिनका नाम बेंज और हंटर है। दोनों फिल्मों में वह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। डायनामिक निर्देशक लोकेश कनगराज बेंज के निर्माता हैं और बक्कियाराज कन्नन इसका निर्देशन करेंगे। वहीं, हंटर का निर्देशन वेंकट मोहन करेंगे।

इसके अलावा राघव ने एक और प्रोजेक्ट की घोषणा की है और सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। इस प्रोजेक्ट का नाम अधिगरम है। बता दें कि फिल्म की कहानी निर्देशक वेत्रिमारन ने लिखी है। वेत्रिमारन की तारीफ करते हुए अभिनेता राघव लॉरेंस ने कहा कि वह निर्देशक की कहानी से काफी प्रभावित हैं और इसलिए वह ऐसी भव्य और अलग फिल्म पर काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

इसके अलावा राघव लॉरेंस ने यह भी खुलासा किया कि वह बेंज और हंटर को पूरा करने के बाद अधिगरम पर काम करना शुरू करेंगे। हालांकि निर्देशक और कलाकारों के नाम के बारे में कोई भी खुलासा नहीं किया गया है। फाइव स्टार क्रिएशन्स के कथिरेसन, जिन्होंने पहले लॉरेंस की रुद्रन का निर्माण किया था, अब अधिगरम का निर्माण करेंगे। अभिनेता के फैंस उनके इस नए प्रोजेक्ट की घोषणा के बाद काफी उत्साहित हो गए हैं और राघव को ढेर सारी शुभकामनाएं भी दे रहे हैं।

राघव भी अपने फैंस को बैक टू बैक फिल्मों का तोहफा देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वहीं, बता दें कि पिछले दिनों राघव ने फिल्म बेंज के बारे में बात करते हुए फिल्म को सपने के सच होने जैसा बताते हुए लिखा था, मैं लोकेश कनगराज भाई के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

यह लंबे समय से एक सपना सच होने जैसा है। निर्देशक बक्कियाराज ने भी अपने प्रशंसकों को तमिल नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए, बेंज के लिए लोकेश और राघव के साथ सहयोग करना खुशी और सम्मान बताया।

## युगांडा और स्कॉटलैंड ने किया अपनी–अपनी टीम का एलान

नई दिल्ली। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप का नौवां संस्करण 1 जून से 29 जून 2024 तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। इस बार 20 टीमें वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगी। स्क्वाड जमा करने की आखिरी तारीख 25 मई है।

न्यूजीलैंड ने 29 अप्रैल को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी टीम घोषित करने के लिए खास तरीका अपनाया था। वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्क्वाड घोषित करने वाली पहली टीम बनी थी। न्यूजीलैंड ने इसके अलावा टूर्नामेंट के लिए अपनी नई प्लेइंग किट भी लॉन्च की थी। भारत ने भी अपनी नई किट लॉन्च कर दी है।

भारत के अलावा इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने भी अपनी–अपनी टीम घोषित कर दी है। ळ20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत पाकिस्तान का हाई वोल्टेज मैच 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

# सनराइजर्स हैदराबाद से बाहर निकाले जाने पर छलका डेविड वार्नर का दर्द

नई दिल्ली। साल 2016 में डेविड वार्नर की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद ने एकमात्र आईपीएल का खिताब जीता है। इस सीजन डेविड वार्नर के बल्ले से काफी रन निकले थे। इस बड़ी उपलब्धि के बाद भी सनराइजर्स हैदराबाद और डेविड वॉर्नर के बीच रिश्ते खराब होने लगे थे।साल 2021 में डेविड वार्नर की जगह केन विलियमसन को कप्तान बनाया। तब चीजें और खराब हो गईं जब उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा गया। बाद में सनराइजर्स हैदराबाद ने मेगा ऑक्शन से पहले डेविड वार्नर को रिलीज कर सभी को चौंका दिया। साथ ही सोशल मीडिया पर भी ब्लॉक कर दिया।

अश्विन को सुनाया किस्सा

वार्नर अब दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। रविचंद्रन अश्विन के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए डेविड वार्नर ने बड़ा खुलासा किया। स्टार बल्लेबाज ने एसआरएच के साथ अपने खराब रिश्ते की बात भी स्वीकार की। साथ उन्हें जब ब्लॉक किया गया था वार्नर को दुख भी हुआ था।

वार्नर ने कहा मुझे दुख हुआ

वार्नर ने कहा, मुझे दुख हुआ क्योंकि मुझे लगता है कि यह फैंस इसके बाद भावुक हो गए थे। मुझे नहीं पता कि मुझे क्यों ब्लॉक किया गया था, लेकिन मैं सोशल मीडिया पर कुछ फैंस के साथ जुड़ा था और मुझे लगा कि यह मेरा कर्तव्य है कि मैं उनके साथ जुड़ता रहूं। मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ। मैं भी लगभग 5 सालों से इसका जवाब तलाश रहा हुं, लेकिन जो कुछ भी हुआ वह अजीब था।

# भैया जी के नए पोस्टर में खतरनाक अंदाज में दिखे मनोज बाजपेयी, 24 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेताओं में से एक मनोज बाजपेयी भैया जी नाम की फिल्म से एक बार फिर दर्शकों को अपनी अदाकारी का जलवा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता इन दिनों फिल्म की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अपूर्व सिंह कार्की के निर्देशन में बनी इस फिल्म का हाल ही में टीजर रिलीज किया गया था, जिसमें अभिनेता एक्शन अवतार में दिखाई दे रहे थे। दर्शकों को मनोज बाजपेयी की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए मेकर्स ने आज फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है।

फिल्म भैया जी के मेकर्स ने रिलीज की तारीख का खुलासा करते हुए फिल्म का एक नया पोस्टर भी साझा किया है। पोस्टर में मनोज काफी खूंखार अवतार में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म का नया पोस्टर मनोज बाजपेयी ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, आ रहा है रॉबिन हुड का बाप! मिलिए भैयाजी से, 24 मई से आपकी नजदीकी सिनेमाघरों में।

मनोज बाजपेयी इस फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, जो प्रतिशोध का भूखा है। फिल्म के टीजर को दर्शकों का पहले से ही अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म का टीजर बेहद ही धमाकेदार है। टीजर देखने के बाद दर्शकों का फिल्म देखने का उत्साह और बढ़ गया है। यह मनोज बाजपेयी की 100वीं फिल्म है। फिल्म के टीजर में उनके किरदार के आतंक को बखूबी दिखाया गया है।भैया जी एक रिवेंज ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्माण विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, समीक्षा ओसवाल, शैल ओसवाल, शबाना रजा बाजपेयी और विक्रम खाखर ने किया है। यह फिल्म 24 मई, 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है।फिल्म भैया जी में मनोज बाजपेयी के अलावा अभिनेता सुविंदर विक्की, जतिन गोस्वामी, विपिन शर्मा और जोया हुसैन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।

## आमिर खान और सनी देओल की फिल्म लाहौर 1947 की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

आमिर खान को पिछली बार फिल्म लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका बुरा हाल हुआ।लाल सिंह चड्ढा के बाद आमिर ने एक्टिंग से कुछ समय का ब्रेक ले लिया था और फिलहाल उनका ध्यान फिल्में बनाने पर है।आमिर ने हाल ही में बतौर निर्माता अपनी अगली फिल्म लाहौर 1947 का ऐलान किया था, जिसके हीरो सनी देओल हैं।अब इस फिल्म को अपनी रिलीज तारीख मिल गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म लाहौर 1947 अगले साल गणतंत्र दिवस के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# आखिरकार कोलकाता पहुंच ही गई केकेआर, दो दिन चक्कर लगाने के बाद टीम के खिलाड़ियों को मिली बड़ी राहत

कोलकाता : कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) टीम के सदस्य सोमवार शाम 5.45 बजे जब लखनऊ एयरपोर्ट से कोलकाता आने के लिए विमान में चढ़े थे, तब उन्होंने सोचा नहीं था कि यहां पहुंचना इतना मुश्किल हो जाएगा। कोलकाता आने से पहले उन्हें गुवाहाटी और फिर बनारस का चक्कर लगाना पड़ गया। अंततः मंगलवार अपरान्ह वे 'सिटी आफ ज्वाय पहुंचे। सोमवार शाम कोलकाता आ रही केकेआर की चार्टर फ्लाइट खराब मौसम के कारण दमदम एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर पाई। विमान का शाम 7.25 बजे लैंड करना तय था।

उस वक्त कोलकाता में आंधी–तूफान के साथ बारिश हो रही थी। पायलट ने जोखिम नहीं लेते हुए विमान को गुवाहाटी की ओर मोड़ दिया गया था।

फिर हुई परेशानी

रात को चार्टर फ्लाइट ने गुवाहाटी एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए उड़ान भरी लेकिन खराब मौसम के कारण इस बार भी दमदम एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग नहीं हो पाई। उसके बाद विमान को बनारस एयरपोर्ट ले जाया गया। टीम के सदस्यों के बनारस के ताज गंजेस में रात को ठहरने की व्यवस्था की गई। बनारस में ठहराव के दौरान वैभव अरोड़ा, अनुकूल राय, वरुण चक्रवर्ती, मनीष पांडेय समेत कई खिलाडियों ने प्रातःकाल काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर दर्शन किए। उन्होंने बनारस के घाट का भी भ्रमण किया। कोलकाता की टीम आखिरकार मंगलवार सुबह 1.15 बजे बनारस से रवाना हुई और अपरान्ह 2.40 बजे कोलकाता पहुंची। कोलकाता की टीम इस सीजन दमदार फॉर्म में है और शानदार खेल दिखा रही है. इस टीम ने रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया। अब इस टीम का अगला मैच 11 मई को ईडन गार्डेंस स्टेडियम में मुंबई से होना है।

## एक नजर

### बैठक 12 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : फारेस्ट ग्रुप पेंशनर्स शाखा कोटद्वार की बैठक 12 मई को आयोजित की जाएगी। सेवा निवृत्त वनाधिकारी एवं कर्मचारी समिति के अध्यक्ष आरपी पंत ने बतया कि बैठक पनियाली स्थित अरण्य सभागार में होगी। जिसमें वनाग्नि सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग का सहयोग भी किया जाएगा।

### खाई में गिरा ट्रक, चालक घायल

चमोली : सोमवार देर रात को देवाल से हल्द्वानी को जा रहा ट्रक देवाल से आधा किमी. आगे मालगाड गधेरे में अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हादसे में चालक को चोट आई है। चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवाल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर कर्णप्रयाग रेफर किया गया है। सोमवार रात 10 बजे एक ट्रक देवाल से हल्द्वानी के लिए रवाना हुआ। देवाल से आगे मालगाड गधेरे में अनियंत्रित होकर 100 फीट नीचे खाई में गिर गया। ट्रक चालक 25 वर्षीय मयंक ग्राम टुकेर जिला बोगेश्वर को चोट आई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी शहजाद अली ने बताया कि चालक मयंक का प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। (एजेंसी)

### अस्पतालों में होगी पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था

देहरादून।उत्तराखंड के सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए पीने के ठंडे पानी की व्यवस्था होगी। सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने मंगलवार को अधिकारियों को इसके निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में गर्मी बढ़ने के साथ ही हीट वेव का खतरा बना हुआ है। इस वजह से बड़ी संख्या में मरीजों के अस्पताल पहुंचने की आशंका है। ऐसे में सभी अस्पतालों को दवाई व इलाज की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही मरीजों के लिए पीने के साफ पानी की व्यवस्था करने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में हाइड्रेड रहने के लिए साफ पानी की जरूरत होती है। ऐसे में सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही राज्य के सभी अस्पतालों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग के उपाय करने के भी निर्देश दिए गए हैं। सभी सरकारी अस्पतालों में यह व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### नीचे की दुकानों के बोर्ड से ढकी ऊपर की दुकानें

देहरादून।कांग्रेस महानगर व्यापार प्रकोष्ठ की डिस्पेंसरी रोड पर मंगलवार को हुई बैठक में एमडीडीए की ओर से बाजार में लगाए जा रहे बोर्डों के साइज पर एतराज जताया है। प्रकोष्ठ ने कहा कि बोर्ड बड़े होने के कारण ऊपर की दुकानें ढक रहीं हैं। व्यापारियों ने बोर्ड का साइज कम करने की मांग की है, ताकि दुकानदारों को परेशानी न हो। व्यापारियों ने कहा कि एमडीडीए की ओर से बाजार में करीब चार फुट ऊंचे बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इससे ऊपर की मंजिल की दुकानों से नीचे नहीं दिखाई दे रहा है। लिहाजा, इसे ठीक किया जाए। व्यापारियों ने एमडीडीए की ओर से दुकानों पर किए जा रहे पेंट पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पेंट से दुकानों की सुंदरता खराब हो रही है। बैठक में सुनिल कुमार बांगा, सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार, राजेश मित्तल, सीटू राजवंशी छाबड़ा, राम कपूर, अजीत सिंह, चमन लाल, प्रवीण बांगा, राजेंद्र सिंह नेगी, राजेंद्र सिंह घई, विजय, मनोज कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

### नैनीताल में बिजली कटौती से लोग परेशान

नैनीताल।गर्मियों में बिजली कटौती लोगों की परेशानी का कारण बन रही है। क्षेत्र के लोग बिजली कटौती से परेशान हैं। लगभग दो दिनों से रोजाना दिन में चार घंटे तक कटौती की जा रही है। सुबह दस बजे के बाद शाम दो बजे तक बिजली गुल रह रही है। जिसके कारण स्थानीय लोगों व व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऊर्जा निगम के एसडीओ प्रियंक पांडे का कहना है कि विभाग की ओर से बिजली कटौती नहीं की जा रही है। जिन क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सही से नहीं हो रही है वहां जाकर बिजली की लाइनों की जांच की जाएगी।

### दिन में सड़क का काम करने पर प्रधान ने जताई नाराजगी

नैनीताल।घोड़ाखाल भवाली सड़क का काम दोपहर में करने पर ग्राम प्रधान गणेश जोशी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इन दिनों पर्यटक सीजन चल रहा है। विभाग को दोपहर में सड़क का काम करने का ख्याल आया है।

# टूटी नालियां, बरसात में होगा जल भराव

कोटद्वार में नगर निगम कार्यालय से करीब दो सौ मीटर दूर मुख्य डाकघर के बाहर सड़क पर बहता गंदा पानी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम शहर में बदहाल पड़ी नालियों की भी मरम्मत नहीं करवा पा रहा है। ऐसे में निगम की यह लापरवाही बरसात में जल भराव की स्थिति पैदा कर सकती है। कई स्थानों पर गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण गंदगी सड़क पर जमा हो रही है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है। जबकि, शहरवासी कई बार व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग उठा चुके हैं।

नगर निगम गठन के बाद जनता को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, निगम सड़क किनारे गंदे पानी की निकासी के लिए बेहतर योजना भी नहीं बना पा रहा है। कहीं नालियां टूटी हुई हैं तो कहीं इनका अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। घर व प्रतिष्ठानों से आने वाले गंदे पानी की बेहतर निकासी नहीं होने से गंदगी सड़क पर बहती रहती है। ऐसे में राहगिरों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों व बुजुर्गों को होती है। कई स्थानों पर नालियां मिट्टी में दबने से गायब हो चुकी हैं। लेकिन, निगम ने इनके सफाई की भी सुध नहीं ली।

### शहर में बदहाल नालियों की भी मरम्मत नहीं करवा पा रहा निगम

### वर्षाकाल में होगा जल भराव

नगर निगम की यह लापरवाही वर्षाकाल में शहरवासियों पर भारी पड़ सकती है। बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से जगह-जगह जल भराव की स्थिति देखने को मिल सकती है। वहीं, कई स्थानों पर नालियां गंदगी से पटी हुई हैं।

शिकायत के बाद भी नगर निगम इनके सफाई की भी सुध नहीं ले रहा। जबकि, वर्षाकाल में जल भराव शहरवासियों के लिए मुसीबत बनता है।

# बाबा के दर पर किया सुंदरकांड का पाठ

श्री सिद्धबली मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ईश्वरीय स्वप्नाशीष समिति लखनऊ की ओर से मंगलवार को कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों को सुंदरकांड का महत्व बताया गया।

इस दौरान प्रवचन करते हुए सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ करता है तो बजरंगबली प्रसन्न होकर उसे अपना आशीर्वाद देते हैं। माना जाता है कि सुंदरकांड का पाठ करने वाले व्यक्ति को हनुमान बुद्धि एवं बल प्रदान करते हैं और सुंदरकांड का पाठ करने वाले व्यक्ति के आसपास नकारात्मक शक्तियां भी नहीं आती।

उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि देवताओं और संतों की भारत भूमि को आध्यात्मिक पहचान दिलाने के लिए सभी हिंदुओं को मंगलवार को अपने मंदिरों पर एकत्रित होकर सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए।

# नौनिहाल मोबाइल का सीमित उपयोग करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : हील फाउंडेशन की रंजना रावत ने नौनिहालों से ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों को अपनाकर स्वस्थ जीवन शैली जीने का आह्वान किया। उन्होंने मोबाइल का सीमित उपयोग करने, दैनिक जीवन में व्यायाम करने, पढ़ाई से लेकर सोने उठने और खेलने तक का समय निर्धारित करने की भी अपील की। हील फाउंडेशन, ईड़ा मल्ला एकेश्वर और भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा एकेश्वर ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रीठाखाल और प्राथमिक विद्यालय रीठाखाल में मंगलवार को स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए संतुलित आहार के विषय में विस्तार से जानकारियां दी। मुख्य वक्ता डॉ. अजय कुमार ने फास्ट फूड जैसे चिप्स आदि के पैकेट्स पर बारीक शब्दों में लिखी जानकारियों को साझा करते हुए इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। कहा कि इन अनहेल्दी खाद्य पदार्थों से हम कई बीमारियों को भी दावत दे रहे हैं। इस मौके पर राइंका रीठाखाल के प्रधानाचार्य प्रकाश सिंह, प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय रीठाखाल नंदा रावत, हील फाउंडेशन के उदय रावत, सोनिका रावत, शिवा रावत, शिक्षक बृजेंद्र आर्य, धीरेन्द्र बुड़कोटी, मंजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### खैरालिंग कौथिग 6 जून से

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक की असवालस्यूं पटटी मे खैरालिंग मेला 6 व 7 जून को आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियां जोरों पर चल रही है। मेले को लेकर आगामी 12 मई को बैठक आयोजित की जाएगी। इस मेले को मुण्डनेश्वर मेले के नाम से भी प्रसिद्धि मिली है। मेले में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीण भी पहुंचते है। मेले में सात्विक रूप से क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा मंदिर में ध्वजा चढ़ाई जाती है।

### पचास विद्यार्थियों को दी शैक्षणिक सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृति मंच की ओर से आर्य कन्या इंटर कॉलेज के पचास विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस दौरान मंच ने समाज से मातृ-पितृविहीन व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। आयोजित कार्यक्रम का शुभरंभ मंच के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल व विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू नेगी ने किया। सर्वप्रथम संस्था की तरफ से विद्यालय के मातृ-पितृ विहीन व आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। संस्था के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल व सचिव पीएल खंतवाल ने पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार ग्रहण करना भी जरूरी है। प्रधानाचार्या रेनू नेगी ने संस्था की तरफ से पाठ्य सामग्री दिए जाने पर आभार जताया। इस मौके पर बुद्धि बल्लभ ध्यानी, अजय पाल सिंह रावत, जनार्दन प्रसाद ध्यानी, सरोज रावत मौजूद रहे।

# भागवत कथा ले जाती है आध्यात्मिक उन्नति की ओर : आचार्य भट्ट

### कोटद्वार में शोभायात्रा के साथ भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

कोटद्वार के बलभद्रपुर नयागांव में मंगलवार को शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ हुआ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बलभद्रपुर नयागांव में मंगलवार को शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। क्षेत्र की महिलाओं ने पीले वस्त्र पहन कर सिर पर कलश लेकर बड़ी संख्या में शोभायात्रा में प्रतिभाग किया।

भागवत कथा के पहले दिन कथा व्यास आचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट ने भागवत कथा का महत्व बताया। आचार्य भट्ट ने कहा कि भागवत कथा ज्ञान का विशाल सागर है। इसके श्रवण से मनुष्य के जन्म-जन्मों के पाप मुक्त हो जाते हैं। भागवत कथा एक ऐसा महाकाव्य है जो धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान को साझा करता है। यह ग्रंथ अनन्त ज्ञान का खजाना है जो हमें मन, शरीर और आत्मा के सम्बंध में शिक्षित करता है। भागवत कथा को ज्ञान यज्ञ के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें सुनने वाले और पढ़ने वाले दोनों को आध्यात्मिक ज्ञान का अनुभव मिलता है। ज्ञान का महत्व धार्मिक ग्रंथों में अत्यंत उच्च माना जाता है। ज्ञान ही एक ऐसी आत्मा की शक्ति है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। ज्ञान के बिना जीवन अधूरा होता है और धार्मिक ज्ञान ही हमें असली सत्य की ओर ले जाता है। कहा कि भागवत जीवन दर्शन एक गहरी और उत्तम जीवनशैली के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है, जो धार्मिकता, सही नैतिकता, और मानवता के मूल्यों की प्रतिष्ठा करता है। भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर कथा आयोजक सरोजनी चौहान, प्रकाश चौहान, राकेश चौहान, आशीष, आचार्य दीपक ध्यानी, कृष्णा गोदियाल, प्रकाश पोखरियाल, सुभाष पंत आदि मौजूद रहे।

# विद्युत दर बढ़ाकर जनता का शोषण कर रही सरकार

### उत्तराखंड क्रांति दल ने सरकार से की बढ़ी हुई विद्युत दरें वापस लेने की मांग

कोटद्वार में ऊर्जा निगम की अधिशासी अभियंता नंदिता अग्रवाल को ज्ञापन देते उक्रांद कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड में विद्युत दरें बढ़ाए जाने पर उत्तराखंड क्रांति दल ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार पहले से ही महंगाई व बेरोजगारी की मार झेल रही जनता का शोषण कर रही है। जन हित को देखते हुए जल्द निर्णय वापस लिया जाना चाहिए।

मंगलवार को उक्रांद ने अधिशासी अभियंता नंदिता अग्रवाल के माध्यम से मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा। यूकेडी के संरक्षक और मार्गदर्शक बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने उत्तराखंड के निवासियों के जल विद्युत ऊर्जा संबंधी अधिकारी छीने हैं। टिहरी बांध और अनेक जल विद्युत योजनाओं से उत्तराखंड को मात्र 12 प्रतिशत की रॉयल्टी दी जाती है, जो कि उत्तराखंडवासियों के लिए अन्याय है। सदस्यों ने टिहरी बांध सहित सभी जल विद्युत परियोजनाओं में उत्तराखंड को पचास प्रतिशत रॉयल्टी देने की मांग की है। कहा कि प्रदेश की जनता का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्द बढ़ी हुई दरें वापस नहीं हुई तो उक्रांद जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत, हरीश द्विवेदी, प्रवेश चंद्र नवानी, सत्यपाल सिंह नेगी, मुकेश बड़थ्वाल, भारत मोहन काला, सर्वेंद्र काला, विनोद चौधरी, मेहरबान सिंह नेगी, सतपाल नेगी आदि मौजूद रहे।

### 11 मई को लगेगी लोक अदालत

नई टिहरी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 11 मई को जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगा। एडीएम केके मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के वादों का निस्तारण किया जाएगा। इनमें फौजदारी के शमनीय मामले, धारा 138 एनआई ऐक्ट, धन वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रमिक रोजगार विवाद, विद्युत एवं जल बिलों व अन्य बिलों के भुगतान, वैवाहिक व कुटुम्ब विवाद, भूमि अर्जन, वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति के लाभों से संबंधित मामले, राजस्व वाद व अन्य दीवानी मामले सुलह-समझौते से निस्तारित किए जाएंगे। कहा कि जो भी व्यक्ति अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करवाना चाहते हैं, वह 10 मई तक किसी भी कार्य दिवस में संबंधित न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र लेकर अपने मामले को नियत करवा सकते हैं। (एजेंसी)

# छात्र-छात्राओं ने सीखें आग बुझाने के तरीके

श्रीनगर गढ़वाल : रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में मंगलवार को अग्निशमन विभाग ने छात्र-छात्राओं को आग बुझाने के तरीके बताए। अग्निशमन विभाग से पहुंचे बीरबल सिंह ने कहा कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हिम्मत से काम लेकर आग से अपना व अन्य का बचाव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आग लगने पर अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना देनी चाहिए। इसके अलावा स्वयं भी बचाव कार्य में लग जाना चाहिए। कहा कि आग बुझाते समय मानवीय क्षति न हो, इसके लिए सावधानीपूर्वक आग पर काबू पाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर आग लगने पर सबसे पहले अगर ज्वलनशील पदार्थ है, तो उसे तुरंत आग से दूर ले जाये। (एजेंसी)

### 14 बोतल शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जनपद पौड़ी गढ़वाल में अवैध नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में धड़ल्ले से अवैध नशे का कारोबार फल फूल रहा है। थाना थलीसैंण पुलिस ने मंगलवार को भंडेली तिराहा यात्री शेड के पास चेकिंग के दौरान एक आरोपी को 14 अंग्रेजी शराब की बोतल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार को चेकिंग के दौरान थलीसैंण पुलिस ने आरोपी सुनील को 14 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ भंडेली तिराहा यात्री शेड के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल जसवंत सिंह, परीक्षित शामिल रहे।

# जिला कार्यालय में खुला यात्रा कंट्रोल रूम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सफलतापूर्वक संचालित कराने लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार निरंतर प्रयासरत है। केदारनाथ धाम दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा अपनी तैयारियां की जा रही है। केदारनाथ यात्रा के दौरान हैली सेवाओं संबंधित सहित अन्य सुविधा एवं समस्याओं के निदान के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम शुरूकिया जा चुका है। हैली सेवाओं संबंधित शिकायतों का तत्काल समाधान करने के साथ ही, स्वास्थ्य, बिजली, पानी आपूर्ति, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं से संबंधित समाधान के लिए भी यह हेल्पलाइन नंबर ऐक्टिव रहेगा। इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में जिला कार्यालय रूद्रप्रयाग में यात्रा कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित रावत को नामित किया गया है। केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सफलता पूर्वक संचालित कराने के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो तथा किसी भी समस्या के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही सुविधा एवं व्यवस्थाओं का त्वरित गति से समाधान कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में जिला कार्यालय रूद्रप्रयाग में यात्रा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

### नेहा व काजल बनी जज, एसआरटी परिसर में खुशी

नई टिहरी : टिहरी में एलएलएम की नेहा और काजल ने उत्तराखंड लोकसेवा आयोग की परीक्षा पास कर जज बनने में सफलता पाई है। जिससे परिसर में खुशी का माहौल है। मंगलवार को छात्राओं की सफलता पर परिसर निदेशक प्रो. एए बोड़ाई, पूर्व निदेशक प्रो. डीएस केनतुरा ने इन बधाई देते हुए कहा है कि छात्राओं ने जहां परिसर में रहकर तैयारी कर जिस तरह से जज बनने में सफलता हासिल की है। परिसर के लिए गौरव की बात है। ऋषिकेश की रहने वाली नेहा और लक्सर हरिद्वार की रहने वाली काजल गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर टिहरी बादशाही थौल में एलएलएम कर रही है। (एजेंसी)

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिखाई चिंतन व वाक क्षमता

लैंसडौन में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में अपने विचार व्यक्त करती छात्रा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन की ओर से लैंसडौन स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने चिंतन व वाक क्षमता का परिचय दिया। इस दौरान प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल की छात्रा अनुकृति गुसांई व देवेंद्र बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यार्थियों की तर्क क्षमता, चिंतन व वाक क्षमता विकसित करने के लिए विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल के साथ ही राजकीय बालिका इंटर कालेज लैंसडौन, कैंट बोर्ड हाईस्कूल, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक विद्यालय से पक्ष व विपक्ष में एक-एक वक्ता ने पुरजोर ढंग से अपनी बात का समर्थन किया। प्रतियोगिता के पक्ष में आर्मी पब्लिक स्कूल की छात्रा अनुकृति गुसाईं ने प्रथम स्थान, राकइंका लैंसडौन की ऋषिका ने द्वितीय व केंद्रीय विद्यालय के छात्र आरव यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि, विपक्ष में आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र देवेंद्र बिष्ट ने प्रथम, केंद्रीय विद्यालय की छात्रा ऐंजल चौधरी ने द्वितीय व राकइंका लैंसडौन की छात्रा शिल्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोसा के अध्यक्ष डा. एसपी नैथानी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डा.मनीषा अग्रवाल, वंदना भारद्वाज, अजय अग्रवाल, शांति गुसाईं, लक्ष्मी थापा, डा. महेंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को वितरित किए कंबल व आर्थिक सहायता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला मुख्यालय के पास के जंगलों में लगी वनाग्नि के कारण खेल विभाग के हॉस्टल का एक कमरा आग की चपेट में आने के कारण कमरे में रखे बच्चों के स्पोर्ट्स सामग्री व जरूरी दस्तावेज जल गये थे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पौड़ी के सहयोग से जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बच्चों को आर्थिक सहायता व कंबल वितरित किए।

बीते रविवार को मुख्यालय स्थित टेका जंगल में लगी आग खेल विभाग के हॉस्टल तक पहुंच गई और एक कमरे में रखे बच्चों के सामान जल कर राख हो गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा बच्चों को चार कंबल व अन्य जरूरी सामग्री के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। जिलाधिकारी ने रेड क्रॉस सोसाइटी का उनकी मानवीय सेवा के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से भी बच्चों को खेल सामग्री सहित अन्य के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। कहा कि खेल अधिकारी को कमरे में बच्चों का खेल सामग्री व अन्य दस्तावेज जो आग से जलकर राख हुआ है उसकी रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि खेल के सामान की जो भी क्षति पहुंची है, उसकी पूरी भरपाई की जायेगी। इस अवसर पर प्रभारी खेल अधिकारी संदीप डुकलान, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव केसर सिंह असवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### 10 मई से चलेगा एनीमिया मुक्ति को विशेष अभियान

नई टिहरी : टिहरी जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग 10 मई से विशेष अभियान शुरू कर रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए 366 स्वास्थ्य कर्मियों की टीम बनाई गई है।

जो गांव-गांव जाकर 10 से अधिक उम्र की किशोरियों और 49 साल तक की महिलाओं की खून की जांच कर मौके पर ही आयरन सुक्रोज की डोज देगी। सीएमओ डा. मनु जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डीएम मयूर दीक्षित की पहल पर जिले की बालिकाओं और महिलाओं को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए 10 से 20 मई तक जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# युद्धाज और स्पीकर्स टीम ने जीता खिताब

नई टिहरी : टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज भागीरथीपुरम में विगत दिवस आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में टीम युद्धाज और बालिका वर्ग में टीम स्पीकर्स विजेता बनी। कॉलेज प्रबंधन की ओर से विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र दिए गए। विगत दिवस भागीरथीपुरम में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का संस्थान के निदेशक डा. शरद कुमार प्रधान ने बॉल उछालकर उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य अनुशासन, खेल भावना को बढ़ाना और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को खत्म कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कहा कि युवाओं को संस्थान से लेकर अन्य स्तरों पर होने वाली खेल और वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिरकत करनी चाहिए। इससे छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। संस्थान के खेल संयोजक अतुलेश डबराल ने बताया कि प्रतियोगिता के बालक वर्ग में टीम युद्धाज ने फालेन क्राउन को 25-18 से, जबकि बालिका वर्ग में टीम स्पीकर्स ने टीम ट्वीस्टर को 21-18 से हराकर खिताब जीता। (एजेंसी)

## एक नजर

### जंगलों की आग बुझाने में आम लोगों का सहयोग जरूरी : भट्ट

देहरादून।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने मंगलवार को बलवीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जंगलों की आग बुझाने में आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जंगलों की आग से निपटने के लिए सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। आम लोगों का भी इसमें सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वनाग्नि पर नियंत्रण के लिए सरकार ने प्लान तैयार किया है और इसके तहत वायु सेना, एनडीआरएफ को भी मोर्चे पर तैनात किया गया है। भट्ट ने कहा कि जंगलों की आग की समस्या का स्थाई समाधान यही है कि लोग किसी भी सूरत में जंगलों में आग न लगने दें और आग लगाने वाले लोगों की पहचान की जाए। उन्होंने कहा कि इस बार शीतकाल में और वसंत ऋतु में हुई कम बारिश की वजह से जंगलों में आग की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आग को नियंत्रित करने के लिए जन सहयोग लेने के साथ ही कड़े कदम भी उठा रही है। आग पर नियंत्रण के लिए सेना को बुलाना और गैंगस्टर एक्ट लगाने का निर्णय सराहनीय है। उन्होंने विपक्ष से अनुरोध किया कि वह आग की घटनाओं पर राजनीति न करे और इस समस्या से निपटने में सरकार को सहयोग प्रदान करे।

### अक्षय तृतीया पर होगा नौ कन्याओं का सामूहिक विवाह

देहरादून। श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर की ओर से मंगलवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता की गई। जिसमें आगामी अक्षय तृतीया अवसर पर होने जा रहे नौ कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर जानकारी दी गई। दिगंबर दिनेश पुरी ने बताया कि सेवादल द्वारा 108 कन्याओं के विवाह की श्रृंखला के क्रम में अक्षय तृतीया की पावन तिथि दस मई को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नौ कन्याओं का विवाह श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में संपन्न होगा। इस दौरान मनोज कुमार गुप्ता ने एक वाहन सेवा दल के सुपुर्द किया। जिसे लकी ड्रॉ के माध्यम से एक कन्या को दिया जाएगा। ओएनजीसी से जुड़ी स्वयं सिद्धा संस्था, श्याम प्रेमी परिवार की ओर से आयोजन में विशेष सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान एडवोकेट राज कुमार गुप्ता, प्रीति गुप्ता, भागवत आचार्य सुभाष जोशी, हरीश मित्तल, मनमोहन शर्मा आदि मौजूद थे।

### चालीस बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग का काम रोका

देहरादून। एमडीडीए की ओर से मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में अवैध निर्माण और बिना लेआउट पास करवाए प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने मेहूवाला हरभजवाला में करीब आठ बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग का काम रुकवाया गया। मलहान रतनपुर शिमला बाईपास रोड में तीस बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने समस्त सेक्टरों के अधिकारियों को अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

### देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने बनाए 99 स्थाई सदस्य

हल्द्वानी। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने पूरे प्रदेश में 99 स्थाई सदस्य बनाए हैं। संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने मंगलवार को इन सदस्यों के नामों की घोषणा की। उन्होंने बताया अब संगठन को मजबूत किया जाएगा। प्रदेश के स्थाई सदस्यों में हुकम सिंह कुंवर, अनिल खंडेलवाल, राजकुमार केसरवानी, आफताब हुसैन, एनबी गुणवंत, जगमोहन चिलवाल, अशोक मोंगिया, चंद्रशेखर कुंवर, विपिन कांडपाल, डॉ. बालम सिंह बिष्ट, प्रकाश पाण्डे, अनिल डब्बू, बीना कुंवर, मुकेश बेलवाल, प्रीतम सिंह जीना, आशीष बत्रा, पूरन सिंह पूना, भुवन सिंह दर्मवाल, जगजीत सिंह चड्ढा, हेमचंद्र भट्ट, अनिल बधानी, रमेश चंद्र जोशी सहित 99 लोगों को शामिल किया गया है।

### जान से मारने की धमकी देने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

बागेश्वर। कांडा पुलिस ने महिला के साथ गाली–गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। न्यायालय के आदेश के बाद आगे की कार्रवाई होगी। दो मई को पीड़िता ने कांडा थाने में एक तहरीर सौंपी। जिसमें उसने कहा कि एक मई को देवेंद्र कुमार पुत्र स्व. दीवान राम निवासी ग्राम–दाणोथल ने उनके घर में घुसकर मेरे साथ छेड़खानी, मारपीट, गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी दी।

# सीईओ ने स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्रों का किया निरीक्षण

नई टिहरी : मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) उत्तराखंड डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद आईटीआई भवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना की तैयारियों को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश भी दिये। सीईओ पुरुषोत्तम ने आईटीआई भवन नई टिहरी पहुंचकर आगंतुक लॉगबुक एवं स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं उनका डिस्प्ले चैक कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विधानसभा वार बने स्ट्रांग रूम एवं सम्पूर्ण मतगणना परिसर एवं मतगणना केन्द्रों का जायजा लिया। मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ समय-समय पर बैठक आयोजित की जा रही है। आयोग की गाइड लाइन के अनुसार समय-समय पर निरीक्षण किये जा रहे हैं। परिसर में विद्युत सुरक्षा के संबंध में यूपीसीएल से प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया है। इसके बाद टीएचडीसी गेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते हुए सीईओ ने कहा कि मतगणना कार्य के सुचारू सम्पादन के लिए आयोग के मानकानुसार पर्याप्त संख्या में मतगणना सुपरवाइजर, गणना सहायक की नियुक्ति, प्रशिक्षण आदि समस्त व्यवस्थाएं करवा लें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना हेतु विधानसभा वार 14-14 टेबिल लगाई जाएंगी। इस मौके पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, सीडीओ अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम केके मिश्रा, एएसपी जेआर जोशी, एआरओ योगेश उपाध्याय, संदीप कुमार, सोनिया पंत, मंजू राजपूत, अरूण वर्मा, एडीईओ आरएस अधिकारी, सीएमओ डॉ. मनु जैन, सीवीओ आशुतोष जोशी, डीपीआरओ एमएम खान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### वन निगम कर्मचारियों ने नए वन मुखिया से की मुलाकात

देहरादून।उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नए पीसीसीएफ डा. धनंजय मोहन से वन मुख्यालय में मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों ने उन्हें अपनी वन विभाग से जुड़ी समस्याएं बताई। संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने कहा कि वन विकास निगम में लौगिंग कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए छपान लॉटों का आवंटन नहीं हो पा रहा है। जिससे निगम को काम में दिक्कत आ रही है। उन्होंने निगम का बकाया पैसा भी वापस लौटाने की मांग की। कहा कि निगम की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि डा. धनंजय मोहन पूर्व में निगम में एमडी भी रह चुके हैं,ऐसे में उम्मीद है कि वे निगम की दिक्कतों को समझेंगे और उन पर कार्रवाई करेंगे। मिलने वालों में अध्यक्ष ललित शर्मा,प्रदेश महामंत्री गिरीश नैथानी,कोषाध्यक्ष बुद्धि सिंह राणा औरर उप महामंत्री राजेंद्र राणा शामिल रहे।

## देहरादून में स्कूल में दवा पीने के बाद 18 बच्चे बीमार, उल्टी—पेट दर्द की शिकायत पर पहुंचे अस्पताल

देहरादून।देहरादून के रेस्ट कैंप स्थित होप स्कूल के 18 बच्चों को बीमार होने पर मंगलवार को दून अस्पताल की इमरजेंसी लाया गया। यहां पर उन्हें प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर निवर्तमान मेयर सुनियाल उनियाल गामा, पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल मौके पर पहुंचे और परिजनों और डॉक्टर से पूरी घटना का अपडेट लिया।

परिजनों ने बताया कि यह घटना करीब 10:00 बजे की है कुछ बच्चे जब उल्टी और पेट दर्द की शिकायत लेकर घर पहुंचे तो परिजनों की दौड़ स्कूल में लग गई और ई रिक्शा और अपने वाहनों से उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां पर इमरजेंसी इंचार्ज डॉक्टर मुकेश उपाध्याय और बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव मुखिया ने उनका उपचार दिया। डॉक्टर के मुताबिक आयरन और फोलिक एसिड की वजह से पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हो सकती है।

### कर्मचारी की मौत के बाद केस दर्ज

हरिद्वार। सड़क दुर्घटना में सफाई कर्मचारी की मौत के मामले में बहादराबाद पुलिस ने मंगलवार को केस दर्ज कर लिया। बहादराबाद में शनिदेव मंदिर के पास वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई थी। ज्वालापुर के घास मंडी वाल्मीकि बस्ती निवासी कमला देवी ने बहादराबाद पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बहादराबाद के एक होटल में उसका पुत्र नितिन सफाई कर्मचारी था। 24 अप्रैल देर सायं होटल में काम करके घर जा रहा था।

## बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा एक माह तक निकलेगी प्रदेश में

हल्द्वानी। बाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली रथ यात्रा पूरे प्रदेश में एक माह तक निकाली जाएगी। यात्रा 16 मई को टिहरी जिले के ढुंग से शुरू होकर पूरे राज्य का भ्रमण कर गंगा दशहरे के दिन 16 जून को वापस वहीं पहुंचेगी। मंगलवार को हल्द्वानी के भोलानाथ गार्डन के सत्यनारायण मंदिर में संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बैठक की। उन्होंने बताया इस बार रजत जयंती वर्ष पर 11 सूत्रीय कार्यक्रम किए गए हैं। पूरे साल राज्य में शिक्षा, कृषि, बागवानी को एजेंडा बना कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य में निकाली जाने वाली 31 दिवसीय 25वीं यात्रा के लिए हल्द्वानी में मंथन किया गया। मंगलवार को हुई बैठक में यात्रा संयोजन पूर्व मंत्री नैथानी ने बताया कि विश्व शांति और देव संस्कृति के संरक्षण के लिए पिछले 24 सालों से यात्रा निकाली जा रही है। इस साल यात्रा की रजत जयंती है। बताया यात्रा गढ़वाल और कुमाऊं के प्रमुख देवालयों से होकर गुजरेगी। यात्रा के अंतिम दिन 16 जून को राज्य के सभी जनपदों में गाय के पूजन के बाद उत्तराखंड की जमीनों को बचाने का संकल्प लिया जाएगा। 22 मार्च 2025 तक अलग–अलग जगहों पर रक्तदान शिविर, 325 देवालयों में विश्व शांति और शहीदों की याद में यज्ञ, शिक्षक दिवस पर शिक्षकों की दशा और दिशा पर विचार गोष्ठी, बंजर पडे खेतों को बचाने के लिए जड़ी–बूटी उत्पादन , फल उत्पादन पर विचार गोष्ठी होगी। स्कूल कॉलेजों में छात्र छात्राओं को गोष्ठी से जोड़ा जाएगा। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, हुकुम सिंह कुंवर, ललित फर्सवाण, डॉ. केदार पलडिया, लक्ष्मण सिंह लमगडिया, संजय किरौला, संध्या डालाकोटी, जगमोहन चिलवाल, खजान पांडे, योगेश कांडपाल, किरन डालाकोटी, हेमचंद्र दुर्गापाल मौजूद रहे।

### क्रिप्टो करेंसी से कमाई के झांसे में गंवाए 7.51 लाख

देहरादून।क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर कमाई झांसे में आकर एक व्यक्ति ने 7.51 लाख रुपए गंवा दिए। साइबर ठगी को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनील पंत निवासी सुद्धोवाला ने एसएसपी कार्यालय में तहरीर दी। बताया कि पिछले साल उन्हें एक महिला के नाम से बनाए गए एकाउंट के जरिए टेलीग्राम पर एक ग्रुप में जोड़ा गया। उसमें कई अन्य लोग जुड़े थे। आरोपियों ने अपनी एप के जरिए क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर मोटी कमाई का झांसा दिया।

झांसे में आकर पीड़ित ने 7.51 लाख रुपए का निवेश किया। इसके बाद पीड़ित को साइबर धोखाधड़ी का पता लगा। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि मामले में सोमवार को अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखें : डीएम

### डीएम ने चारधाम यात्रा तैयारियों का लिया जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ चमोली से बदरीनाथ तक राष्ट्रीय राजमार्ग और धाम में यात्रा व्यवस्थाओं एवं पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने और धाम में निर्माण कार्यों को व्यवस्थित तरीके से तेजी से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। बदरीनाथ धाम और यात्रा मार्ग पर शुद्ध पेयजल, शौचालय, वाहन पार्किंग सहित सुगम आवागमन हेतु सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किया जाए। ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान के अनुसार वाहनों का मूवमेंट रखे। बदरीनाथ और चारधाम यात्रा मार्ग पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी पुख्ता इंतेजाम किए जाए। सभी प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए बैंच, वाटर एटीएम और यात्री सुविधा के लिए साइनेज लगाए जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि धाम में स्थापित अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती के साथ सभी जीवन रक्षक दवा, उपकरण एवं ऑक्सीजन का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने बदरीनाथ धाम में वाहन पार्किंग, आस्था पथ, टोकन काउंटर, क्यू प्रबंधन, यात्री शेड, गेस्ट हाउस, मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए शीघ्र सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बदरीनाथ महायोजना के अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण करते हुए डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया धाम में निर्माण सामग्री एवं मशीनरी को यात्रा मार्ग से अलग व्यवस्थित तरीके से रखा जाए। ताकि तीर्थ यात्रियों को आवागमन और निर्माण कार्यों में भी कोई समस्या न रहे। निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। इस दौरान अधिशासी अभियंता विपुल सैनी ने संचालित कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चन्द्र शेखर वशिष्ट, लोनिवि के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, सीएमओ डा. राजीव शर्मा, सीओ पुलिस अमित कुमार, डीएसओ जसवंत कंडारी, डीटीडीओ बृजेन्द्र पांडेय, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, तहसीलदार अर्जुन सिंह बिष्ट, ईओ सुनील पुरोहित सहित यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## डीएम ने ली डेंगू चिकनगुनिया रोधी / अंर्तविभागीय समन्वय बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में डेंगू चिकनगुनिया रोधी / अंर्तविभागीय समन्वय बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि डेंगू के दृष्टिगत सतर्क रहें अधिकारी अभी से प्रभावी कार्य येजना बनाकर अभी से घर–घर सर्वे कार्य करने के निर्देश दिए।

विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए डेंगू के दृष्टिगत प्रभावी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगर निकाय के अधिकारियों को पूर्व तैयारी के साथ एक्शन प्लान बनाने के साथ ही क्षेत्रों में फागिंग एवं स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाते हुए जनमानस को डेंगू के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मानक के अनुसार चिकित्सालयों में व्यवस्थाएं बनाई जाएं इसके लिए सरकारी चिकत्सालयों सहित निजी चिकित्सालयों को भी डेंगू के दृष्टिगत चिकित्सालयों में मानकों के अनुसार व्यवस्था रखने तथा बैड की स्थिति का पूर्ण विवरण प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया जाए। उन्होंने डेंगू की रोकथाम, सहायता, कांउसिलिंग हेतु कन्ट्रोलरूम स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया स्थिति को पैनिक न किया जाए सहायता हेतु आने वाली कॉल पर सम्बन्धित की कांउसिलंग भी की जाए। उन्होंने ब्लड बैंक में बल्ड की उपलब्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में शासकीय एवं निजी स्कूल प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धकों को स्कूलों में बच्चों को फूल डेज्स में ही स्कूल बुलाने हेतु निर्देशित किया जाए तथा स्कूलों में निरीक्षण करते हुए स्कूलों में साफ–सफाई एवं डेंगू के दृष्टिगत स्कूलो में व्यवस्थाओं देख ली जाएं तथा समय–समय पर औचक निरीक्षण भी करें।

### 10 को भगवान परशुराम की होगी पूजा अर्चना

ऋषिकेश। श्री परशुराम महासभा की ओर से 8 से 10 मई तक परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा, जिसके तहत आठ और नौ मई को गोष्ठी होगी। 10 मई को भगवान परशुराम की पूजा–अर्चना होगी। मंगलवार को श्री परशुराम महासभा ने देहरादून रोड स्थित एक कार्यालय में बैठक कर यह निर्णय लिया। इस दौरान अध्यक्ष संदीप शास्त्री ने कहा कि महासभा द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। आठ मई को जयंती के उपलक्ष्य में सनराइज वेडिंग प्वाइंट में दो दिवसीय गोष्ठी आयोजित की जाएगी। जिसमें संत समाज के लोग भी शिरकत करेंगे। उसके बाद 10 मई को परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा–अर्चना की जाएगी। बैठक में मीडिया प्रभारी प्यारेलाल जुगराण, राकेश कंडवाल, मदन कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पेयजल किल्लत से परेशान महिलाओं ने कैंट ऑफिस में किया प्रदर्शन

विकासनगर। चकराता छावनी क्षेत्र के लालकुर्ती बाजार में पिछले एक सप्ताह से चल रही पेयजल की किल्लत को लेकर मंगलवार को स्थानीय महिलाओं ने कैंट कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर धरना– प्रदर्शन किया जाएगा।

कैंट बोर्ड सीईओ के उचित आश्वासन पर ही महिलाएं शांत हुई। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि कैंट के वार्ड नंबर–एक लालकुर्ती बाजार के निवासी पिछले एक सप्ताह से पानी की किल्लत झेल रहे हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सार्वजनिक नल पर मुश्किल से आधा घंटा पानी आता है। उस पर पानी भरने के लिए मारामारी लगी रहती है। कहा कि तीन दिनों से स्थिति अत्यंत खराब है। लोगों को पीने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं का कहना है कि लालकुर्ती बाजार में अधिकांश नौकरी पेशा लोग निवास करते है। पानी भरने के चक्कर में उन्हें दफ्तर तक पहुंचने में विलंब हो जाता है। कहा कि जब टैंकर से आपूर्ति होती है तो पूरे बाजार में सीढ़िया होने से टैंकर भी पांच सौ मीटर ऊपर मुख्य सड़क तक आता है। टैंकर से बामुश्किल एक परिवार को एक–दो बाल्टी ही मिलती है।

इससे लोगों को पानी ढोने में दिक्कत होती है। कई लोग पानी लाते समय गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। कहा कि जब से पेयजल आपूर्ति की देखरेख सीपीडब्ल्यूडी से हटकर एमईएस के पास आई है, तब से समस्या ज्यादा हो रही है। उन्होंने कहा कि वह कई बार कैंट में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रदर्शनकारियों में टीको देवी, बबीता, कलावती, सरला, निर्मला वर्मा, शांता, रूपा, दीपिका, देवानी देवी, मीनू, आदि शामिल रहे।

## डांस प्रतियोगिता में एनडीएस रहा अव्वल

ऋषिकेश। निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी में सहोदय इंटर स्कूल में मंगलवार को ग्रुप डांस प्रतियोगिता 2024 का आयोजन हुआ। इसमें एनडीएस स्कूल ने प्रथम, डीएसबी स्कूल ने द्वितीय, रेड फोर्ट स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ निर्मल आश्रम के प्रमुख संत बाबा जोध सिंह ने किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 16 स्कूलों के बच्चों ने भरतनाट्यम, राजस्थानी, गढ़वाली, जौनसारी, महाराष्ट्रीयन, फ्यूजन डांस, कत्थक एवं बिहू लोक नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दीं। जिसके बाद समूह नृत्य प्रतियोगिता में एनडीएस स्कूल ने प्रथम, डीएसबी स्कूल ने द्वितीय, रेड फोर्ट स्कूल ने तृतीय, एसडीएम स्कूल एवं फुटहिल्स अकादमी ने संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में सुकन्या आचार्य, देवर्षि चक्रवर्ती, संतोष नामदेव रहे। समापन अवसर पर विजेताओं को सम्मानित किया गया।

मौके पर प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा, निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी के चेयरमैन एसएन सूरी,विवेक कुलियाल, आशिया रावत, मान्यता थापा आदि उपस्थित रहे।

### नगर से लेकर गांव तक पानी का गहराया संकट

बागेश्वर। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में पीने का पानी का संकट गहराने लगा है। नगर के मंडलसेरा में सबसे अधिक लोग पानी के लिए परेशान हैं। यहां स्थापित हैंडपंप में लोग सुबह चार बजे से लाइन पर लग जाते हैं। यदि यह पंप नहीं होता तो लोग अपनी प्यास नहीं बुझा सकते।

क्षेत्र के लोगों ने जल संस्थान से यहां की पेयजल संकट दूर करने की मांग की है।जिला मुख्यालय के मंडलसेरा, तहसील मार्ग, नदीगांव आदि क्षेत्र में पीने के पानी का संकट बना हुआ है। लोग पानी के लिए कई बार आंदोलन तक कर चुके हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। लोग हैंडपंप तथा नदी से पानी ढो रहे हैं।

## आरआर सिंह ने परमार्थ निकेतन में गंगा आरती की

ऋषिकेश। ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष और सह प्रबंध निदेशक आरआर सिंह मंगलवार को ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन पहुंचे। यहां उन्होंने गंगा आरती की और स्वामी चिदानंद सरस्वती से पर्यावरण संरक्षण के विषयों पर चर्चा की।इस मौके पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि इस दुनिया की सुन्दरता को बनाये रखना है तो हमें पर्यावरण, प्रकृति और पौधों के प्रति जागृति लाकर अपना जीवन इंश्योरेंस करना होगा। तभी हम न केवल जीवन बल्कि, अपनी धरा को भी सुरक्षित रख सकते हैं। कुछ ऐसा होना चाहिये कि पौधे लगाओ, पॉलिसी पाओ, पौधे लगाओ, क्लेम पाओ। नियमों में रहते हुये जागृति के कार्य होने चाहिये, ताकि लोगों को लाभ भी प्राप्त हो और पर्यावरण का भी संरक्षण हो सके। आरआर सिंह ने कहा कि वास्तव में यह समय पर्यावरण का इंश्योरेंस करने का है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को उसका लाभांश प्राप्त हो सके। क्योंकि यही भावी पीढ़ियों के लिये वास्तविक धरोहर हैं। इस दौरान उन्होंने धार्मिक अनुष्ठा और गंगा आरती में भी शिरकत की।

## भारतीय फिल्मों के सफर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री ब्रैन्ड बॉलीवुड डाउन अन्डर की स्क्रीनिंग का आयोजन

देहरादून। मंगलवार को राजभवन ऑडिटोरियम में अनुपम शर्मा द्वारा ऑस्ट्रेलिया में भारतीय फिल्मों के सफर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री ह्लब्रैन्ड बॉलीवुड डाउन अन्डरह्व की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय फिल्मों को प्रमोट करने में अनुपम शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन्होंने ह्यअनइंडियनह्व ऑस्ट्रेलियाई फ़ीचर फ़िल्म बनाई, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली ने अभिनय किया है। वे देहरादून के रहने वाले प्रसिद्ध सिंगर बॉबी कैश पर भी एक फिल्म बना रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने अनुपम शर्मा को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध अभिनेता एवं हम लोग सीरियल में मशहूर नन्हे का किरदार निभाने वाले अभिनव चतुर्वेदी ने किया।

इस अवसर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीयता का भाव, संस्कृति एवं परंपराओं के संवर्धन, सामाजिक सौहार्द और सामाजिक परिवर्तन लाने में फिल्में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारतीय सिनेमा ने प्रेम और सामाजिक सद्भाव जैसे भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में भी मदद की है।

उन्होंने कहा कि हमारी फिल्में और हमारे अभिनेता अपने देश में ही नहीं बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, चीन और रूस सहित कई देशों में भी लोकप्रिय हैं। इन्हें विश्व स्तर पर लाखों लोग देखते हैं जिससे भारतीय संस्कृति, मूल्यों और जीवन शैली का भी प्रचार–प्रसार होता है।

राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक सीमाओं से परे विश्व स्तर पर भारतीय

सिनेमा ने अपना एक अलग स्थान बनाया है। इसके अलावा विश्व स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि विकसित करने, भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर-खण्ड में फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देना और राज्य में फिल्म उद्योग के माध्यम से अधिकाधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न कराना हमारी प्राथमिकता में है। यह गर्व की बात है कि उत्तराखंड की बहुत सारी हस्तियाँ देश–विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अभिनव का काम करते हुए उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों की शूटिंग के लिए उत्तराखंड एक अनूकूल जगह है। बड़े पर्दे पर उत्तराखंड की वादियों की सुंदरता दर्शकों को अलग अनुभव देती है। निश्चित तौर पर उत्तराखंड फिल्म शूटिंग के लिए बहुत जल्द दुनिया का पसंदीदा डेस्टिनेशन बन जाएगा।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं महानिदेशक सूचना एवं लोक संपर्क विभाग बंशीधर तिवारी ने उत्तराखण्ड फिल्म नीति की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नई फिल्म पॉलिसी से जल्द ही उत्तराखण्ड शूटिंग हब बन जाएगा। श्री तिवारी ने बताया कि नई फिल्म पॉलिसी के निर्माण में विशेषज्ञों के सुझावों को शामिल किया गया है जिसके कारण फिल्म निर्माताओं को सुगमता होगी।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com